# कार्यालय उ0प्र0 सूचना आयोग, RTI भवन, विभूति खण्ड, लखनऊ

पत्रांक: 62 / उ0प्र0सू0आ0 / रजिस्ट्रार / 36 / 2019

दिनांक: 20:मार्च:2020

**आवश्यक**

समस्त मा0 राज्य सूचना आयुक्तगण

विषय:—मा0 उच्च न्यायालय के द्वारा रिट याचिका संख्या 20315 / 2019(एम0बी0) में उ0प्र0 सूचना आयोग को दिये गये निर्देश

ससम्मान अवगत् कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय के द्वारा रिट याचिका संख्या 20315 / 2019(एम0बी0) में पारित आदेश दिनॉक 28—1—2020 (छाया प्रति संलग्न) के माध्यम से अर्थ दण्ड अधिरोपित किये जाने की स्थिति में आयोग को निम्नलिखित दिशा निर्देश दिये गये हैं:—

1) जिन मामलों में अर्थ दण्ड अधिरोपित किया जा रहा है उन मामलों में पहले यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि सूचना प्रदत्त किये जाने में जिस समय विलम्ब कारित हुआ, उस समय जन सूचना अधिकारी के रूप में कौन व्यक्ति पदस्थापित था।

2) पश्चातवर्ती जन सूचना अधिकारी पर तब तक कोई दण्ड अधिरोपित न किया जाये जब तक कि यह सुनिश्चित न हो जाये कि उसके द्वारा भी सूचना प्रदान किये जाने में विलम्ब कारित किया गया है।

3) उत्तर प्रदेश सूचना आयोग दण्ड के मामलों में यह सुनिश्चित करने के लियें सम्यक जॉच करे कि सूचना प्रदान करने में विलम्ब कारित करने के लिये वास्तविक रूप से कौन अधिकारी उत्तरदायी है।

4) जिस दोषी अधिकारी के विरुद्ध अर्थ दण्ड अधिरोपित किया जाना है, उस सम्बन्धित अधिकारी को सुनवाई का अवसर अवश्य प्रदान किया जाये।

5) दोषी अधिकारी को चिन्हित करनें के सम्बन्ध में संबंधित विभाग से जानकारी प्राप्त की जा सकती है, अथवा उस व्यक्ति से प्राप्त की जा सकती है जिस व्यक्ति को नोटिस जारी की गयी है और जो अपने स्वंय का बचाव इस आधार पर कर रहा है कि उसकी तैनाती सूचना मॉगे जाने की तिथि के उपरॉत हुई थी।

म0 उच्च न्यायालय के द्वारा इस वाद में स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि उपरोक्त दिशा निर्देशों का पालन आयोग द्वारा किया जाये, ताकि उच्च न्यायालय स्तर पर अनावश्यक मुकदमेबाजी न हो।

(प्रशान्त बिलगैयाँ)
रजिस्ट्रार

Court No. - 2

**Case :-** MISC. BENCH No. - 20315 of 2019

**Petitioner :-** P.K. Garg, Public Information Officer (Civil Construction)
**Respondent :-** U.P. Information Commission, Lucknow & Ors.
**Counsel for Petitioner :-** Manoj Chopra
**Counsel for Respondent :-** Shikhar Anand

Hon'ble Munishwar Nath Bhandari,J.
Hon'ble Manish Kumar,J.

1. By this writ petition, challenge is made to the order dated 01-06-2017 and subsequent order dated 13-08-2018, whereby penalty of Rs. 25,000/- has been imposed on the petitioner for the delay in giving information.

2. The counsel appearing for the petitioner submits that the impugned order has been passed ignoring period of posting of the petitioner. He came on the post only on 07-10-2016, whereas the penalty for delay in supply of information is for the reason that it was supplied on 12-04-2016. If the delay in supply of information was caused, it was by the predecessor on the post but ignoring aforesaid, impugned order has been passed.

3. None appears on behalf of the respondent no. 3 despite service of notice.

4. The counsel appearing for respondent nos. 1 & 2 submits that there was delay in supply of the information. Thus, the penalty has rightly been imposed.

5. We have considered submissions made by the parties and perused the record.

6. The challenge to imposition of penalty of Rs. 25,000/- under section 20 of the Right To Information Act,2005, has been made for the reason that the order has been passed ignoring the date of posting of the petitioner. The petitioner was posted as Public Information Officer on 07-10-2016 whereas information was supplied on 12-04-2016 itself. Thus, if any delay was caused in supply of the information, it was by the officer posted earlier to the petitioner.

7. In the light of aforesaid, the impugned order is set aside.

8. A direction is given to the State Information Commissioner, Lucknow, to pass orders for imposition of the penalty after ascertaining the posting of the officer at the time when delay was caused in supply of the information. The penalty shall not be imposed on the successor unless he has also caused delay. In absence of it unnecessarily litigation is coming before the court. Thus, the State Information Commissioner is directed to make proper scrutiny of the case to ascertain as to who is the real defaulting officer in causing delay in supply of the information and then to pass orders after giving him opportunity of hearing. The information about the officer can be gathered from the department or the person to whom the notice is given and he defend his case alleging that he was posted subsequent to the date of supply of the information.

9. Compliance of the direction given above should be made by the Commissioner to avoid unnecessary litigation before the High Court.

10. The writ petition is allowed with the aforesaid.

**Order Date :-** 28.1.2020
AKS